# SUMMATIVE ASSESSMENT – II, 2012
# संकलित परीक्षा – II, 2012

**SS-2022**

## SOCIAL SCIENCE / सामाजिक विज्ञान
## Class – X / कक्षा – X

**Time allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 80**

**General Instructions :**

(i) The question paper has **36** questions in all. All questions are **compulsory**.

(ii) Marks are indicated against each question.

(iii) Questions from serial number **1** to **16** are Multiple Choice Questions. Each question carries **one mark**.

(iv) Questions from serial number **17** to **29** are **3 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.

(v) Questions from serial number **30** to **34** are **4 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **100 words** each.

(vi) Question number **35** is a map question of **2 marks** from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography only. After completion, attach both the maps inside your answer book.

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल **36** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **अनिवार्य** है।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1 अंक** का है।

(iv) प्रश्न क्रमांक **17** से **29** तक प्रत्येक प्रश्न **3 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न क्रमांक **30** से **34** तक प्रत्येक प्रश्न **4 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक **35** केवल इतिहास से मानचित्र सम्बन्धी **2** अंक का प्रश्न है और प्रश्न क्रमांक **36** केवल भूगोल से मानचित्र सम्बन्धी **3 अंक** का प्रश्न है। मानचित्र पर उत्तर लिखने के बाद इनको अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रख कर बांध दीजिए।

**1.A** Which one of the following assertion is NOT true about the liberal nationalists of Europe? **1**

(a) They stood for freedom for the individuals and equality of all before the law.
(b) They emphasised the concept of government by the consent of the people.
(c) They supported the universal suffrage and denied the right to private property.
(d) They stood for the freedom of markets and abolition of state-imposed restriction on the movement of goods and capital.

यूरोप के उदारवादी राष्ट्रवाद के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(क) वे व्यक्ति की आज़ादी और कानून के समक्ष सबकी बराबरी चाहते थे।
(ख) वे एक ऐसी सरकार पर जोर देते थे जो सहमति से बनी हो।
(ग) वे सार्वभौमिक मताधिकार का समर्थन करते थे तथा निजी संपत्ति के स्वामित्व के पक्ष में नहीं थे।
(घ) वे बाजारों की मुक्ति आर चीजों तथा पूँजी के आवागमन पर राज्य द्वारा लगाए गए नियंत्रणों को खत्म करने के पक्ष में थे।

**OR**

**1.B** "Go East Movement" became popular in Vietnam during the first decade of 20th century because - **1**

(a) vietnamese students went to Japan to acquire education and to learn Japanese language.
(b) the traders and businessman of Vietnam went to Japan to earn huge profit.
(c) the Vietnamese youngmen started to go for lucrative jobs.
(d) the Vietnamese looked for foreign arms and helped to drive away the French for Vietnam.

बीसवीं सदी के पहले दशक में, वियतनाम में 'पूरब की ओर चलो' आन्दोलन लोकप्रिय हुआ क्योंकि :

(क) वियतनामी विद्यार्थी शिक्षा प्राप्ति तथा जापानी भाषा सीखने के लिए जापान गए।
(ख) वियतनाम के व्यापारी एवं व्यावसायी अधिक मुनाफ़ा अर्जित करने के लिए जापान गए।
(ग) वियतनामी युवा वर्ग मालदार (लाभदायक) नौकरी के लिए जाना प्रारंभ किया।
(घ) वियतनामी वियतनाम से फ्रांसीसियों को बाहर निकालने के लिए विदेशी अस्त्र-शस्त्र एवं मदद चाहते थे।

**2.A** Which one of the following is NOT true regarding Romanticism and National feeling in Europe? **1**

(a) It was a cultural movement which sought to develop a particular form of nationalist sentiment.
(b) The romantic artists and poets generally did not criticized the glorification of science and reasons.

(c) It focused on emotions and mystical feelings.
(d) Its effort was to create a sense of collective heritage.

यूरोप में रूमानी कल्पना और राष्ट्रीय भावना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(क) यह एक सांस्कृतिक आंदोलन था जो एक खास तरह की राष्ट्रीय भावना का विकास करना चाहता था।
(ख) आमतौर पर रूमानी कलाकारों और कवियों ने तर्क-वितर्क और विज्ञान के महिमामंडन की आलोचना नहीं की।
(ग) वे अंर्तदृष्टी और रहस्यवादी भावनाओं पर जोर देते थे।
(घ) उनका प्रयास था कि एक साझा-सामूहिक विरासत की अनुभूति बनाया जाय।

**OR**

**2.B** A Vietnamese girl in Saigon Native Girls School refused to move to a back bench because - **1**

(a) she felt, she was a bright and smart student.
(b) she was hard hearing and unable to enjoy class.
(c) she protested the racial discrimination adopted by the Colonial Government.
(d) all the above causes were there.

साइगॉन नेटिव गर्ल्स स्कूल में एक वियतनामी लड़की पिछली कतार में जाने से मना कर दिया क्योंकि :-

(क) उसे महसूस हुआ कि वह तेज एवं स्मार्ट विद्यार्थी है।
(ख) वह ऊँचा सुननेवाली थी और कक्षा में आनन्द उठाने में असमर्थ थी।
(ग) उसने औपनिवेशिक सरकार द्वारा अपनाए नस्ल भेद नीति का विरोध किया।
(घ) उपरोक्त सभी कारण।

**3.** Which one of the following statements is NOT true regarding impact of the First World War on India? **1**

(a) Customs duties were raised and income tax introduced.
(b) The prices increased leading to extreme hardship for common people.
(c) The industrial production in India decreased.
(d) The forced recruitment in rural area for defence forces was introduced.

भारत में प्रथम विश्वयुद्ध के प्रभाव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(क) सीमा शुल्क बढ़ा दिया गया और आयकर शुरू किया गया।
(ख) कीमतें बढ़ गयीं जिसके कारण आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई थीं।
(ग) भारत में औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई।
(घ) गाँवों में सिपाहियों को जबरन भर्ती किया गया।

**4.** Which one of the following is the most appropriate reason to start Nation wide Satyagraha against the Rowlett Act of 1919 ? **1**

(a) This Act was hurriedly passed by imperial legislative council.
(b) The Act was passed dispite the united opposition of the Indian members
(c) It gave enormous powers to the British government to repress political activities.
(d) It was an unjust law as it allowed the detention of political prisoners without trial for two years.

1919 में प्रस्तावित रॉलट एक्ट के खिलाफ़ एक राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह प्रारंभ करने का सबसे उपयुक्त कारण

निम्नलिखित में से कौन था?

(क) इस कानून को इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल ने बहुत जल्दबाजी में पारित कर दिया था।

(ख) भारतीय सदस्यों के भारी विरोध के बावजूद इस कानून को पारित किया गया।

(ग) इस कानून के जरिये ब्रिटिश सरकार को राजनीतिक गतिविधियों को कुचलने का लायक अधिकार दिया गया।

(घ) यह एक अन्यायपूर्ण कानून था जिससे राजनीतिक कैदियों को दो साल तक बिना मुकदमा चलाए जेल में बंद रखने का अधिकार मिल गया।

**5.** Which one of the following minerals belongs to the non-ferrous category? **1**

(a) Iron Ore (b) Manganese (c) Cobalt (d) Copper

निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज अलौह श्रेणी के अंतर्गत आता है?

(क) लौह-अयस्क (ख) मैंगनीज (ग) कोबाल्ट (घ) ताँबा

**6.** Kodarma-Gaya-Hazaribagh belt of Bihar-Jharkhand is the leading producer of which one of the following minerals? **1**

(a) Bauxite (b) Mica (c) Iron ore (d) Copper

बिहार-झारखंड का कोडरमा-गया-हज़ारीबाग पेटी निम्नलिखित में से किस खनिज का अग्रणी उत्पादक है?

(क) बॉक्साइट (ख) अभ्रक (ग) लौह-अयस्क (घ) ताँबा

**7.** Which one of the following agencies markets steel for the public sector plants? **1**

(a) HAIL (b) SAIL (c) TATA steel (d) MNCC

निम्नलिखित में कौन-सी एजेंसी सार्वजनिक क्षेत्र के स्टील को बाज़ार में उपलब्ध कराती है?

(क) हेल (HAIL) (ख) सेल (SAIL) (ग) टाटा स्टील (घ) एम. एन. सी. सी.

**8.** Which one of the following groups of cities is connected by National Highway No. 2 ? **1**

(a) Delhi - Amritsar (b) Delhi - Mumbai

(c) Delhi - Kolkata (d) Varanasi - KanniyaKumari

निम्नलिखित में से किन शहरों का समूह राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 2 से जुड़ा हुआ है?

(क) दिल्ली-अमृतसर (ख) दिल्ली-मुंबई

(ग) दिल्ली – कोलकाता (घ) वाराणसी – कन्याकुमारी

**9.** Which one of the following features distinguishes a Pressure group from a Political Party ? **1**

(a) Political Parties take political stances, while pressure group do not bother about political issues.
(b) Pressure group do not seek to mobilise people, while political parties do.
(c) The Pressure groups do not aim to directly control or share political power while political parties do.
(d) The Pressure groups are confined to a few people or few section of socieity, while Political Parties are related to a greater area and issues.

निम्नलिखित में से कान-सी विशेषता दबाव-समूह को राजनीतिक दल से अलग करती है?

(क) राजनीतिक दल राजनीतिक पक्ष लेते हैं जबकि दबाव-समूह राजनीतिक मसलों की चिंता नहीं करते।
(ख) दबाव-समूह लोगों की लामबंदी नहीं करते जबकि राजनीतिक दल करते हैं।
(ग) दबाव-समूह सत्ता में नहीं आना चाहते जबकि राजनीतिक दल सत्ता हासिल करना चाहते हैं।
(घ) दबाव-समूह कुछ लोगों तक ही सीमित होते हैं जबकि राजनीतिक दल का दायरा ज्यादा लोगों तक फैला होता है।

**10.** Which one of the following is the main feature of Bolivia's struggle? **1**

(a) About one specific policy of Democratic government.
(b) It involved people's claim on elected democratic government.
(c) It was about the foundation of country's politics.
(d) It aimed at restoring democracy in the country.

बोलिविया में संघर्ष की मुख्य विशेषता निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(क) लोकतांत्रिक सरकार की एक विशेष नीति के बारे में।
(ख) यह निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार में जनता के दावे को समाहित करता है।
(ग) देश की राजनीति की स्थापना के बारे में।
(घ) देश में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के बारे में।

**11.** Which one of the following is the criteria to recognise as a National Political Party in India? **1**

(a) A party that secure atleast 6% vote in Lok Sabha elections and atleast 4 seats in Lok Sabha.
(b) 6% votes in assembly election in four states.
(c) 6% votes in Lok Sabha or Assembly election in four states and 4 seats in Lok Sabha.
(d) All the criterias are correct.

निम्नलिखित में से कौन-सा मापदंड भारत में राष्ट्रीय राजनीतिक दल के लिए निर्धारित किया गया है?

(क) अगर कोई पार्टी लोकसभा-चुनाव में कुल पड़े वोट का कम से कम 6% एवं लोकसभा चुनाव में कम से कम 4 सीट पर जीत दर्ज करता है।
(ख) चार राज्यों के विधान सभाई चुनाव में पड़े कुल वोटों का 6% ।
(ग) लोकसभा अथवा चार राज्यों के विधान सभाई चुनाव में पड़े कुल वोटों का 6% एवं लोकसभा में 4 सीट पर जीत दर्ज करता है।
(घ) उपरोक्त सभी मापदंड।

**12.** Which one of the following situations represents the success of democracy? **1**

(a) U.S. as the only Super power disregards the UN and takes unilateral action.

(b) General Pinochet government defeated, but army is still under control of many institutions.

(c) The King of Nepal Birendra accepted constitutional Monarchy.

(d) Integration of French speaking and Dutch speaking people in Belgium.

निम्नलिखित में से कौन–सी परिस्थिति लोकतंत्र की सफलता का प्रतिनिधित्व करती है?

(क) एकमात्र महाशक्ति अमरीका, संयुक्त राष्ट्र की परवाह नहीं करता और एकतरफा फैसले करता है।

(ख) जनरल पिनोशे की सरकार चुनाव में हार गईं लेकिन अनेक संस्थाओं पर अभी भी सेना का कब्जा है।

(ग) नेपाल का राजा बिरेंद्र संवैधानिक राजतंत्र को स्वीकार कर लिया।

(घ) बेल्ज़ियम में फ्रेंच भाषी एवं डच भाषी लोगों के बीच समन्वय

**13.** Which one of the following terms is not included against Loans? **1**

(a) Interest rate (b) Collateral

(c) Documentation (d) Lender's land.

निम्नलिखित में से कौन–सी शर्तें, ऋण की शर्तें में सम्मिलित नहीं है?

(क) ब्याज दर (ख) ऋणाधार

(ग) आवश्यक कागजात (घ) उधारदाता की भूमि

**14.** What is the main source of income for banks ? **1**

(a) Interest on loans.

(b) Interest on deposits.

(c) Difference between the interest charged on borrowers and depositors.

(d) None of these.

बैंकों की आय का मुख्य स्रोत क्या है?

(क) कर्ज पर ब्याज।

(ख) जमा पर ब्याज।

(ग) उधार लेने वाले एवं जमा करने वाले ग्राहकों के ब्याज का अंतर।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

**15.** Removing barriers or restrictions set by the government is called - **1**

(a) Liberalisation (b) Investment

(c) Favourable trade (d) Free trade

सरकार द्वारा अवरोधों अथवा प्रतिबंधों को हटाने की प्रक्रिया कहलाती है :

(क) उदारीकरण (ख) निवेश

(ग) अनुकूल व्यापार (घ) मुक्त व्यापार

**16.** For which of these products does it become mandatory for the producer to get certified? **1**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Fruits | (b) | Telephones |
| (c) | LPG Cylinders | (d) | Cigarettes |

निम्नलिखित में से किन वस्तुओं के उत्पादन के लिए यह अनिवार्य होता है कि उत्पादक संबंधित संगठनों से प्रमाण प्राप्त करें ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | फल | (ख) | टेलीफोन |
| (ग) | एल. पी. जी. सिलिंडर्स | (घ) | सिगरेट |

**17 A.** Describe any three steps taken by French revolutionaries to create a sense of collective identity among the French People? **3x1=3**
फ्रांसीसी क्रांतिकारियों द्वारा उठाये गए किन्हीं तीन कदमों का वर्णन कीजिए जिनसे फ्रांसीसी लोगों में एक सामूहिक पहचान की भावना पनप सकी ?

**OR / अथवा**

**17 B.** Describe any three effects of U.S.-Vietnam war on life within U. S. itself. **3x1=3**
वियतनाम–अमेरिकी युद्ध का अमेरिका में लोगों के जीवन पर पड़नेवाले किन्हीं तीन प्रभावों का वर्णन कीजिए।

**18.** When and where Khilafat Committee was formed? What was its objective? **1+1+1=3**
खिलाफत कमेटी की स्थापना कब और कहाँ हुयी ? इसका मुख्य उद्देश्य क्या था ?

**19.** Which are the potential sources of biogas? State any four benefits of biogas. **1+2=3**
बायोगस का मुख्य स्रोत क्या हैं ? बायोगैस के किन्हीं चार लाभ को बताइए।

**20.** Why is there a tendency for the sugar mills to concentrate in southern states of India in recent years? Give three reasons. **3x1=3**
पिछले कुछ वर्षों में भारत में चीनी मिलों की दक्षिण राज्यों में केन्द्रित होने की प्रवृत्ति के क्या कारण हैं ? किन्हीं तीन कारणों को दीजिए।

**21.** How do industry pollute the environment? Explain with three examples. **3x1=3**
उद्योग किस प्रकार पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं ? तीन उदाहरण दकर स्पष्ट कीजिए।

**22.** How do the pressure groups and movements exert their influence on democratic politics? Explain any three ways. **3x1=3**
दबाव–समूह और आन्दोलन लोकतांत्रिक राजनीति पर कैसे असर डालते हैं ? किन्हीं तीन तरीकों की व्याख्या कीजिए।

**23.** How does democracy accommodate social diversities? Explain any three ways.
लोकतंत्र किन स्थितियों में सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य स्थापित करता है ? किन्हीं तीन तरीकों की व्याख्या कीजिए। **3x1=3**

**24.** Inspite of the fact that democracies have failed to produce accountable and responsive government, why is it that democracy is a preferred system of Government? Explain any three reasons. **3x1=3**
यद्यपि लोकतंत्र उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध सरकार के गठन में असफल रही है फिर भी लाग लोकतांत्रिक

शासन व्यवस्था को ही क्यों पसंद करते है? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए।

**25.** Explain three foundational challenges faced by democracies. **3x1=3**
लोकतांत्रिक सरकार गठित करने के लिए ज़रुरी बुनियादी आधार बनाने की तीन चुनौतियों की व्याख्या कीजिए।

**26.** "Information and communication technology has played a major role in spreading out production of services across countries." Support the statement with suitable examples.
''सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ने विभिन्न देशों के बीच सेवाओं के उत्पादन के प्रसार में मुख्य भूमिका निभायी है।'' उपयुक्त उदाहरण देकर कथन की पुष्टि कीजिए।

**27.** In recent years China has been importing steel from India. Explain how the import of steel by China will affect : **1+1+1=3**
(i) Steel companies in China.
(ii) Steel companies in India.
(iii) Industries buying steel for production of other industrial goods in China.

हाल के वर्षों में चीन भारत से इस्पात आयात कर रहा है। व्याख्या करें कि चीन द्वारा इस्पात का आयात कैसे प्रभावित करेगा –
(क) चीन की इस्पात कंपनियों को।
(ख) भारत की इस्पात कंपनियों को।
(ग) चीन में अन्य औद्योगिक वस्तुओं के उत्पादन के लिए इस्पात खरीदने वाले उद्योगों को।

**28.** Explain the three measures adopted by the government to protect the interests of consumers in India. **3x1=3**
भारत में उपभोक्ता के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए किन्हीं तीन उपायों की व्याख्या कीजिए।

**29.** Explain any three ways by which people are exploited in the market. **3x1=3**
बाजार में उपभोक्ताओं के शोषण के किन्हीं तीन तरीकों की व्याख्या कीजिए।

**30 A.** What is meant by Balkan? Why did it turn into perennial source of tension and proved the battlefield of First World War? **1+3=4**
बाल्कन का क्या अर्थ है? किस प्रकार यह क्षेत्र गंभीर तनाव का स्रोत बन गया तथा प्रथम विश्व युद्ध के लिए रणक्षेत्र बन गया?

**OR / अथवा**

**30 B.** Who was Ho Chi Minh ? State his contribution in the freedom movement of Vietnam.
हो ची मिन्ह कौन था? वियतनाम के स्वतंत्रता की लड़ाई में उनके योगदानों को बताइए। **1+3=4**

**31.** Explain any four limitations of Civil Disobidience Movement of 1930. **4x1=4**
1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन के किन्हीं चार सीमाओं की व्याख्या कीजिए।

**32.** How have roadways an edge over railways in India? Explain four facts. **4x1=4**
भारत में सड़क परिवहन किस प्रकार रेल परिवहन की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक है? किन्हीं चार तथ्यों की

व्याख्या कीजिए।

**33.** "Political parties are rightly called the government in disguise. Justify the statement in reference to democratic politics by giving four arguments. **4x1=4**

''राजनीतिक दलों को सरकार का दूसरा रूप समझा जाता है।'' लोकतांत्रिक राजनीति के संदर्भ में चार तर्क देकर कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

**34.** In what ways, the Reserve Bank of India supervise the functioning of banks? Why is it necessary? **3+1=4**

भारतीय रिजर्व बैंक किस प्रकार बैंकों की कार्यप्रणाली पर नजर रखता है? यह आवश्यक क्यों है?

**35.** Two features (A) and (B) are marked in the given Political outline map of India. Identify these features with the help of following information and write their correct names on the lines marked in the map. **2x1=2**

A. The place from where the movement of Indigo planters was started.

B. The place where session of Indian National Congress was held in December 1920.

भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर A और B दो लक्षण चिह्नीत किए हुए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कीजिए तथा मानचित्र में चिह्नित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए। **2x1=2**

A – वह स्थान जहाँ नील किसानों का आन्दोलन प्रारंभ हुआ।

B – वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

**OR / अथवा**

Locate and lable the following items with appropriate symbols on the same map.

(i) Amritsar (ii) Bardoli

उसी रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइए और उनके नाम लिखिए।

(i) अमृतसर (ii) बारदोली

Note : The following questions are for the **BLIND CANDIDATES** only, in lieu of Q. No. 35.


(35.1) Name the place where Gandhiji led cotton mill workers Satyagraha.

(35.2) Name the place where Congress Session was held in Dec. 1920.

नोट – निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर हैं।

35.1 उस स्थान का नाम बताइए जहाँ गाँधीजी ने सूती वस्त्र कारखानों के मज़दूरों के सत्याग्रह का नेतृत्व किया था।

35.2 उस स्थान का नाम बताइए जहाँ दिसम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था?




**36.** Three features (A), (B) and (C) are marked in the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map. **3x1=3**

A - Coal mine
B - Iron and Steel Plant
C - The terminal station of East-West Corridor.

भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर A, B और C तीन लक्षण चिह्नित किए हुए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कीजिए तथा मानचित्र में चिह्नित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए। **3x1=3**

A - कोयला की खान
B - लोहा एवं इस्पात संयंत्र
C - पूर्वी–पश्चिमी गलियारा का अंतिम स्टेशन

**OR / अथवा**

Locate and label the following items on the same map with appropriate symbols; **3x1=3**

(i) Tuticorin - Thermal Power Station
(ii) Srinagar - Silk Textile Centre
(iii) Raja Sansi - International Airport

उसी रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित का उपयुक्त संकेतो द्वारा दर्शाइए और उनके नाम लिखिए।

(i) तूतीकोरिन : तापीय ऊर्जा केन्द्र
(ii) श्रीनगर : रेशम वस्त्र केन्द्र
(iii) राजा सांसी : अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

Note : The following questions are for the **BLIND CANDIDATES** only in lieu of

**Q. No. 36.** **1+1+1=3**

(36.1) Name the Iron ans Steel plant of Andhra Pradesh.

(36.2) Name the westernmost terminal station of East - West corridor.

(36.3) In which state is the Raja Sansi International Airport located?


नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **36** के स्थान पर हैं।

36.1 आंध्रप्रदेश स्थित लोहा–इस्पात संयंत्र का नाम बताइए।

36.2 पूर्वी–पश्चिमी गलियारे का पश्चिमी स्टेशन का नाम बताइए।

36.3 राजा सांसी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन किस राज्य में अवस्थित है?

**36.**




**- o O o -**